Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

30/01/2023 PANINDIA

सामान्यतः व्यवसाय में, भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी कंपनी और औद्योगिक समूहों के विशिष्ट निवेशों का विवरण साझा नहीं करता है। हालांकि, यह देखते हुए कि अडानी समूह की कंपनियों से संबन्धित भारतीय जीवन बीमा निगम के जोखिम के बारे में मीडिया और वीडियो चैनलों में विभिन्न लेखों में कुछ जानकारी प्रसारित की जा रही है इसलिए हम इक्विटी और ऋण में अडानी समूह की कंपनियों में अपने जोखिम के बारे में तथ्यात्मक स्थिति की जानकारी साझा कर रहे हैं।

दिनाँक 31/12/2022 के अनुसार इक्विटी और ऋण के अंतर्गत भारतीय जीवन बीमा निगम की अडानी समूह की कंपनियों में कुल शेयर पूँजी 35,917.31 करोड़ रु है। अडानी समूह की सभी कंपनियों में पिछले कई वर्षों में खरीदी गई इक्विटी का कुल क्रय मूल्य 30,127 करोड़ रु है और दिनाँक 27/01/2023 को बाजार बंद होने तक बाजार मूल्य 56,142 करोड़ रुपये था। अडानी समूह में निवेश की गई कुल राशि वर्तमान तिथि के अनुसार रु. 36,474.78 करोड़ रुपये है। हालांकि ये निवेश एक समय सीमा में किए गए हैं। इसके अलावा यह सराहनीय है कि भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा धारित सभी अडानी ऋण प्रतिभूतियों की क्रेडिट रेटिंग एए और उससे ऊपर है जो कि सभी जीवन बीमा कंपनियों पर लागू आईआरडीएआई निवेश नियमों के अनुपालन अनुसार है।

दिनाँक 30 सितंबर, 2022 तक भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा कुल प्रबंधन तहत संपत्ति 41.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इसलिए भारतीय जीवन बीमा निगम का अडानी समूह में निवेश कुल एयूएम की बुक वैल्यू का 0.975% है।

भारतीय जीवन बीमा निगम एक 66 साल पुराना प्रतिष्ठित और स्थायी संस्थान है और लागू दिशानिर्देशों और विनियमों के अनुरूप सख्त निवेश ढांचे का पालन किया जा रहा है। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हालांकि संपत्ति का बाजार मूल्य किसी भी दिशा में बदल सकता है, भारतीय जीवन बीमा निगम लंबी अवधि के दृष्टिकोण से और विस्तृत उचित अध्ययन के आधार पर निवेश करता है। भारतीय जीवन बीमा निगम निरंतर आवृत्ति पर अपनी वित्तीय मजबूती सुनिश्चित करने के लिए अपनी देनदारियों के मूल्यांकन और सॉल्वेंसी मार्जिन के निर्धारण के लिए एक मजबूत प्रक्रिया का पालन करता है। सितंबर 2022 तक भारतीय जीवन बीमा निगम का उपलब्ध सॉल्वेंसी मार्जिन 160% के लक्षित सॉल्वेंसी स्तर से काफी ऊपर था। भारतीय जीवन बीमा निगम बोर्ड और इसका प्रबंधन सभी हितधारकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्ध और सचेत है और हर समय उनके हितों की रक्षा के लिए उपयुक्त सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का पालन करना जारी रखेगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.licindia.in देखें या एलआईसी की किसी शाखा से संपर्क करें।
दिनांक 30 जनवरी, 2023 को मुंबई में।
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (नि. सं)
भारतीय जीवन बीमा , केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com हमें www.licindia.in पर मिलें

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, We also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.